पटना जिलान्तर्गत पाटलीपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग, पटना के कबड्डी एवं ताईक्वाण्डों प्रशिक्षण स्थल के उपर शेड का निर्माण तथा महिला खिलाड़ियों के लिए Toilets & Change Room का निर्माण के कार्य दिनांकः 01.07.2018 को प्राप्त ई0-निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए दिनांक 02.08.2018 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की आहूत बैठक की कार्यवाहीः-

---

उपस्थितिः

1. श्री राम सागर प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। अध्यक्ष
2. श्री तपेश्वर प्रसाद साह, महाप्रबंधक(वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य
3. श्री रंजित प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक(दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। सदस्य
4. श्री अरविन्द कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक, पी0 आई0 यू0, पटना। सदस्य

कार्यवाहीः-

पटना जिलान्तर्गत पाटलीपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग, पटना के कबड्डी एवं ताईक्वाण्डों प्रशिक्षण स्थल के उपर शेड का निर्माण तथा महिला खिलाड़ियों के लिए Toilets & Change Room का निर्माण के से संबंधित कार्य हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से निविदा प्राप्त की गयी थी, जिसका प्रसारण दैनिक समाचार पत्र ''हिन्दुस्तान'' में दिनांक 17.06.2017 को की गयी थी, जिसका पी0आर0 सं0-3588 नि0नि0 2018-19 है।

इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति ₹83.48 लाख मात्र है, जिसकी प्रावैधिक स्वीकृति की राशि ₹81.21 लाख मात्र तथा अनुमोदित परिमाण-विपत्र की राशि ₹75,90,065.00 मात्र है।

इस निविदा में कुल तीन निविदादाताओं ने भाग लिया, जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत्त हैः-

प्रथम निविदादाता सावित्री सुरेन्द्र सेक्युरिटी प्रा0 लि0, तारकेश्वर सदन, न्यु कुलहड़िया हाउस, एक्जीविशन रोड, पटना है। इनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जिसमें पाया गया कि इनके द्वारा अर्हता हेतु सभी आवश्यक कागजात संलग्न किया गया है, तत्पश्चात इन्हें रिस्पॉसिव पाया गया। अंकों के मूल्यांकन में इन्हें कुल 78 अंक प्राप्त हुए, जो न्यूनतम अहर्त्ता 50 अंक से अधिक है। अतः समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

द्वितीय निविदादाता उत्सव कंस्ट्रक्शन, ग्राम-पगहीया, पो0-परसौनी कपूर, थाना-कथैया, मुजफ्फरपुर, बिहार है। इनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जिसमें पाया गया कि इनके द्वारा अर्हता हेतु सभी आवश्यक कागजात संलग्न किया गया है, तत्पश्चात इन्हें रिस्पॉसिव पाया गया। अंकों के मूल्यांकन में इन्हें कुल 89 अंक प्राप्त हुए, जो न्यूनतम अहर्त्ता 50 अंक से अधिक है। अतः समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

तृतीय निविदादाता भी0एस0 एण्ड भी0 कम्युनिकेशन प्रा0 लि0, पी0 ओ0 + ग्राम-औंगरी, जिला- नालंदा है। इनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जिसमें पाया गया कि इनके द्वारा अर्हता हेतु सभी आवश्यक कागजात संलग्न किया गया है, तत्पश्चात इन्हें रिस्पॉसिव पाया गया। अंकों के मूल्यांकन में इन्हें कुल 64 अंक प्राप्त हुए, जो न्यूनतम अहर्त्ता 50 अंक से अधिक है। अतः समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि उक्त निर्णय को निगम के बेवसाईट पर दिनांक 09.08.2018 के 5.00 बजे अपराह्न तक आपत्ति हेतु रखी जाय। आपत्ति नही प्राप्त होने पर वित्तीय बीड खोलकर मुख्य महाप्रबंधक निविदा का निष्पादन करेंगे।

इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

2/08/18	2.8.18	Tapeshwar 02.08.18.	2/8/18
(अरविन्द कु0 सिंह)	(रंजित प्र0 सिंह)	(तपेश्वर प्र0 साह)	(राम सागर प्रसाद)
उप महाप्रबंधक,	महाप्रबंधक (दक्षिण),	महाप्रबंधक (वित्त),	मुख्य महाप्रबंधक
पी0आई0यू0, पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।